University in News on 30 May 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दीवार पर दिखेगी उर्दू विद्वानों की गौरव गाथा

लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में गौरव भित्ति का लोकार्पण

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि के उर्दू विभाग में गौरव भित्ति का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. आलोक राय व अन्य। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में विशिष्ट पूर्व शिक्षक और विद्यार्थियों को समर्पित गौरव भित्ति की स्थापना की गई है। इस गौरव भित्ति पर उर्दू विभाग के पूर्व शिक्षक और पूर्व विद्यार्थियों के छायाचित्र शामिल हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को इसका लोकार्पण किया।

लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस दीवार पर उर्दू व फारसी विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष डॉ. मसूद हसन रिजवी, उर्दू के प्रख्यात साहित्यकार और उर्दू शब्दकोश के संकलनकर्ता प्रो. नूर उल हसन हाशमी, उर्दू साहित्य में प्रगतिशील आलोचना के स्तंभ प्रो. एहतेशाम हुसैन, मनोवैज्ञानिक आलोचना के विशेषज्ञ प्रो. शबीहुल हसन, उर्दू के नामचीन साहित्यकार शुजात अली सनदेलवी, उर्दू विभाग के पूर्व छात्र और झारखंड एवं मणिपुर के राज्यपाल रहे डॉ. सैय्यद अहमद, पूर्व छात्र व मणिपुर एवं झारखंड राज्य के राज्यपाल रहे सिब्ते रजी, साहित्य जगत की विश्व-प्रसिद्ध साहित्यकार कुर्तउल ऐन हैदर, उर्दू के प्रसिद्ध कवि पंडित बृजनारायण चकबस्त के नाम शामिल हैं।

इस मौके पर प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर संगीता साहू एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रो. अरविंद मोहन बने कला संकाय के डीन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. अरविंद मोहन अब कला संकाय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगे। कला संकाय अध्यक्ष का पद इसी विभाग के प्रो. अरविंद अवस्थी के सेवानिवृत्त होने की वजह से खाली हुआ है। डॉ. अरविंद मोहन अगले तीन साल या फिर सेवानिवृत्ति की तिथि तक अपने पद बने रहेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीकॉम सेल्फ फाइनेंस की परीक्षा एक को

लखनऊ। लविवि के वाणिज्य संकाय विभाग के बीकॉम की नियमित व सेल्फ फाइनेंस के छूटे विद्यार्थियों की परीक्षा एक जून को होगी। विभाग की ओर जारी आदेश के अनुसार, विभाग में सुबह 11 बजे यह परीक्षा होगी। विद्यार्थियों को मौखिक परीक्षा के लिए माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की हार्ड कॉपी और सीडी में उसकी सॉफ्ट कॉपी लानी होगी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू और कोपेनहेगन विवि में एमओयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ एमओयू साइन किया है। एमओयू के तहत अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख और जैविक खतरों पर यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पैनल के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बिरगिट नोरंग ने वर्चअल मीटिंग कर यह एमओय किया।

प्रो. अरविंद मोहन कला संकाय के डीन बने

लखनऊ। एलयू में कला संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में प्रो. अरविंद मोहन को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर अरविंद मोहन 31 मई से अगले तीन वर्ष या अधिवर्षता आयु पूरी करने तक इस पद पर बने रहेंगे।

गौरव भित्ति में उर्दू के पूर्व साहित्यकारों को दर्शाया

लखनऊ। एलयू के उर्दू विभाग में एक गौरव भित्ति को स्थापित किया गया है। इसमें पूर्व शिक्षक और पूर्व विद्यार्थियों के छाया चित्र सम्मिलित हैं। इसका लोकार्पण कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने किया। समन्वयक डॉ. फाजिल अहसान हाशमी ने बताया कि गौरव भित्ति में उर्दू और फारसी के संस्थापक मसूद हसन रिजवी, प्रो. नूर उल हसन हाशमी, प्रो. एहतेशाम हुसैन, कुर्तउल ऐन हैदर और चकबस्त समेत अन्य को फोटो चित्र से दिखाया गया है।

i-NEXT PAGE 5

एलयू और कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी में एमओयू

एलयू ने डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ बुधवार को एमओयू पर साइन किए. दोनों विश्वविद्यालय अपने पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रतिनिधित्व में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे. एमओयू पर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. बिरगिट नोरंग ने एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए. वीसी ने कहा कि एलयू और कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है.

वायवा का एग्जाम एक जून को

एलयू के वाणिज्य विभाग की ओर से बीकाम छठे सेमेस्टर (रेगुलर, सेल्फ फाइनेंस) के माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की वायवा परीक्षा एक जून को आयोजित की जाएगी. संकाय की डीन प्रो. रचना ने बुधवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया है. विद्यार्थियों को माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की हार्ड कापी और सीडी में साफटकापी लेकर आना है. निर्धारित डेट पर सुबह 11 बजे प्रो. केके सक्सेना ब्लाक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है.

कला संकाय के नए डीन बने प्रो. अरविंद मोहन

लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. अरविंद मोहन कला संकाय के नए डीन बनाए गए हैं. उनका कार्यकाल 31 मई की दोपहर से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य आदेशों तक मान्य होगा. कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है. अभी तक प्रो. अरविंद अवस्थी के पास इस पद की जिम्मेदारी है.

एलयू में वर्कशॉप का हुआ समापन

LUCKNOW (29 MAY): एलयू के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में चल रही सात दिवसीय आनलाइन कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ. अंतिम दिन पहले सत्र के वक्ता जेएस हिंदू पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. निखिल कुमार दास थे. उन्हें संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी पर व्याख्यान दिया. अंतिम सत्र में विशेषज्ञ वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय, पंजाब के चित्तरंजन स्कूल आफ साइकोलाजी एंड काउंसिलिंग की प्रमुख डा. अनुपमा श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कुलपति ने गौरव भित्ति का किया लोकार्पण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एक गौरव भित्ति को स्थापित किया गया है, जिसमें उर्दू विभाग के पूर्व

भित्ति में लगाई गई उर्दू से जुड़ी कई महान हस्तियों की तस्वीर

शिक्षक और पूर्व विद्यार्थियों के छाया चित्र सम्मिलित हैं। इस गौरव भित्ति का लोकार्पण कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने किया। इस गौरव भित्ति में उर्दू से जुड़ी कई महान हस्तियों के छाया चित्र शामिल हैं। जिनमें मसूद हसन रिजवी जो उर्दू एवं फारसी के संस्थापक विभागाध्यक्ष रहे। जिनका कार्यकाल 130 से 1954 तक रहा। प्रो. नूरउल हसन हाशमी जोकि वर्ष 1973 से 1975 तक उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। उर्दू के प्रख्यात साहित्यकारों में थे और वह उर्दू शब्दकोश के संकलनकर्ता भी रहे। प्रो.एहतेशाम हुसैन उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष रहे और उर्दू साहित्य में प्रगतिशील आलोचना के स्तंभ थे। प्रो.शबीहुल हसन 1975 से 1991 तक विभागाध्यक्ष एवं कुछ समय के लिए अधिष्ठाता कला संकाय रहे। यह मनोवैज्ञानिक आलोचना के विशेषज्ञ माने जाते थे। शुजात अली सनदेलवी उर्दू के नामचीन साहित्यकार एवं उर्दू विभाग के आचार्य रहे। डॉ.सय्यद अहमद उर्दू विभाग, लविवि के पूर्व छात्र थे जो झारखंड एवं मणिपुर राज्य के राज्यपाल भी रहे। सिब्ते रजी उर्दू विभाग लखनऊ यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र थे जो मणिपुर एवं झारखंड राज्य के राज्यपाल रहे। कुर्तउलऐन हैदर उर्दू साहित्य जगत की विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार, कहानीकार, उपन्यासकार तथा स्त्री विमर्श की अग्रणी लेखिका रही हैं। इसके अलावा पंडित बृजनारायण चकबस्त की तस्वीर गौरव भित्ति में लगाई गई है जो उर्दू के प्रसिद्ध कवि थे, उनकी प्रसिद्ध कविता रामायण का एक सीन समस्त विश्वविद्यालय में उर्दू पाठ्यक्रम में सम्मिलित है। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो.अरविंद अवस्थी,डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर संगीता साहू एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

NBT PAGE 2

गौरव भित्ति में दर्शाए गए उर्दू के पूर्व साहित्यकार

एनबीटी सं.लखनऊ: एलयू के उर्दू विभाग में एक गौरव भित्ति स्थापित किया गया है। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गौरव भित्ति का उद्घाटन किया। समन्वयक डॉ. फाजिल अहसान हाशमी ने बताया कि गौरव भित्ति में उर्दू और फारसी के संस्थापक मसूद हसन रिजवी, प्रो. नूर उल हसन हाशमी, प्रो. एहतेशाम हुसैन, प्रोफेसर शबीहुल हसन, शुजात अली सनदेलवी, डॉ. सय्यद अहमद, सिब्ते रजी, कुर्तउल ऐन हैदर और चंडित बृजनारायण चकबस्त के चित्र लगाए गए हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विवि में आर्ट गैलरी का लोकार्पण करते कुलपति। अमृत विचार

संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी का महत्व बताया

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख के नेतृत्व में चल रही सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के अंतिम दिन संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी पर व्याख्यान आयोजित हुआ। उन्होंने विकारों की संज्ञानात्मक प्रकृति का परिचय देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

» लखनऊ विवि में 7 दिवसीय कार्यशाला का व्याख्यान

PIONEER PAGE 3

एलयू व कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू, शोध को मिलेगा बढ़ावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय ने अपने पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रतिनिधित्व में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. बिरगिट नोरंग ने एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए। बता दें कि 1479 में स्थापित कोपेनहेगन विश्वविद्यालय दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक है, जो डेनमार्क के लिए 10 नोबेल पुरस्कार विजेताओं, 37 प्रधानमंत्रियों और 34 ओलंपिक पदकों का उत्पादन करने के लिए जाना जाता है।लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बीच साझेदारी वैश्विक शैक्षणिक सहयोग में, विशेष रूप से पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के विशेष क्षेत्र में, एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है।

एमओयू के तहत सबसे पहले, दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों छात्रों का आदान-प्रदान छात्रों को विविध शिक्षण वातावरण और पद्धतियों से अवगत कराकर शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने का वादा करता है। दूसरे, संकाय और कर्मचारियों का आदान-प्रदान विचारों और विशेषज्ञता के पार-परागण को सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार और ज्ञान प्रसार की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के प्रति प्रतिबद्धता इस साझेदारी की आधारशिला का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह अंत: विषय सहयोग और अत्याधुनिक वैज्ञानिक जांच की खोज को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, नए शैक्षिक कार्यक्रमों की स्थापना में पारस्परिक सहायता अकादमिक उत्कृष्टता और पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान में भविष्य की प्रतिभाओं के पोषण के लिए साझा समर्पण को रेखांकित करती है। समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है, जिससे शोध निष्कर्षों का प्रसार सुगम होगा और विद्वानों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

THE PIONEER PAGE 3

LU, Copenhagen Univs sign MoU

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University and the University of Copenhagen, Denmark, represented by its Department of Veterinary and Animal Sciences, Faculty of Health and Medical Sciences, signed a Memorandum of Understanding (MoU) to foster cooperation in education, research, and skill development.

Prof Alok Kumar Rai, Vice-Chancellor of Lucknow University and Prof Birgit Norrung, the head of department of Veterinary and Animal Sciences, University of Copenhagen, Denmark, and former chair of the European Food Safety Authority Panel on Biological Hazards, signed the MoU in a virtual ceremony.

लविवि और कोपेनहेगन विवि के बीच एमओयू

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लविवि और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय ने अपने पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रतिनिधित्व में शिक्षा,अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख और जैविक खतरों पर यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पैनल के पूर्व अध्यक्ष प्रो.बिरगिट नोरंग ने एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए। 1479 में स्थापित कोपेनहेगन विश्वविद्यालय दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक है, जो डेनमार्क के लिए 10 नोबेल पुरस्कार विजेताओं, 37 प्रधानमंत्रियों और 34 ओलंपिक पदकों का उत्पादन करने के लिए जाना जाता है।लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बीच साझेदारी वैश्विक शैक्षणिक सहयोग में, विशेष रूप से पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के विशेष क्षेत्र में, एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है।

शिक्षा,अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

एमओयू के तहत सबसे पहले, दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों छात्रों का आदान-प्रदान छात्रों को विविध शिक्षण वातावरण और पद्धतियों से अवगत कराकर शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने का वादा करता है। दूसरे,संकाय और कर्मचारियों का आदान-प्रदान विचारों और विशेषज्ञता के पार-परागण को सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार और ज्ञान प्रसार की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा,संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के प्रति प्रतिबद्धता इस साझेदारी की आधारशिला का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह अंत: विषय सहयोग और अत्याधुनिक वैज्ञानिक जांच की खोज को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, नए शैक्षिक कार्यक्रमों की स्थापना में पारस्परिक सहायता अकादमिक उत्कृष्टता और पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान में भविष्य की प्रतिभाओं के पोषण के लिए साझा समर्पण को रेखांकित करती है। समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है, जिससे शोध निष्कर्षों का प्रसार सुगम होगा और विद्वानों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

JAGRAN CITY PAGE III

उर्दू विभाग में स्थापित हुई गौरव भित्ति

गौरव भित्ति का लोकर्पण बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया ■ लवि

जासं ■ लखनऊ : लवि के उर्दू विभाग में छात्र-छात्राएं वहां के गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सकेंगे। बुधवार को विभाग में एक गौरव भित्ति (दीवार) को स्थापित किया गया, जिसमें उर्दू विभाग की स्थापना से लेकर उसे ऊंचाइयों तक ले जाने वाले पूर्व शिक्षक और पूर्व विद्यार्थियों के छाया चित्र शामिल हैं। इसका लोकार्पण कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। गौरव भित्ति में वर्ष 130 से 1954 तक उर्दू एवं फारसी के संस्थापक विभागाध्यक्ष रहे मसूद हसन रिजवी, वर्ष 1973 से 1975 तक विभागाध्यक्ष एवं उर्दू के प्रख्यात साहित्यकार, उर्दू शब्दकोश के संकलन कर्ता प्रो. नूर उल हसन हाशमी, उर्दू साहित्य में प्रगतिशील आलोचना के स्तंभ एवं विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम हुसैन, 1975 से 1991 तक विभागाध्यक्ष प्रो. शबीहुल हसन, उर्दू के नामवीन साहित्यकार व विभाग के आचार्य शुजात अली सनदेलवी, विभाग के पूर्व छात्र, झारखंड एवं मणिपुर राज्य के राज्यपाल रहे डा. सय्यद अहमद का नाम शामिल है। मणिपुर एवं झारखंड के राज्यपाल सिब्ते रजी, साहित्यकार, कहानीकार कुर्तउल ऐन हैदर, कवि पंडित बृजनारायण चकबस्त के चित्र भी इसमें शामिल है।

लवि और कोपेनहेगन वि. के बीच एमओयू

जासं ■ लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने डेनमार्क के कोपेनहेन विश्वविद्यालय के साथ बुधवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दोनों विश्वविद्यालय अपने पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संस्थ के प्रतिनिधित्व में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। एमओयू पर लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. बिरगिट नोरंग ने एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए।

कुलपति ने कहा कि लवि और कोपेनहेन विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1479 में स्थापित कोपेनहेन विश्वविद्यालय दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक है, जो डेनमार्क के लिए 10 नोबेल पुरस्कार विजेताओं, 37 प्रधानमंत्रियों और 34 ओलंपिक पदकों का उत्पादन करने के लिए जाना जाता है।लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेन विश्वविद्यालय के बीच साझेदारी वैश्विक शैक्षणिक सहयोग में, विशेष रूप से पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के विशेष क्षेत्र में, एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है।

एमओयू के तहत सबसे पहले, दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों छात्रों का आदान-प्रदान छात्रों को विविध शिक्षण वातावरण और पद्धतियों से अवगत कराकर शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने का वादा करता है। दूसरे, संकाय और कर्मचारियों का आदान-प्रदान विचारों और विशेषज्ञता के पार-परागण को सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार और ज्ञान प्रसार की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के प्रति प्रतिबद्धता इस साझेदारी की आधारशिला का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह अंत: विषय सहयोग और अत्याधुनिक वैज्ञानिक जांच की खोज को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, नए शैक्षिक कार्यक्रमों की स्थापना में पारस्परिक सहायता अकादमिक उत्कृष्टता और पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान में भविष्य की प्रतिभाओं के पोषण के लिए साझा समर्पण को रेखांकित करती है। समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है, जिससे शोध निष्कर्षों का प्रसार सुगम होगा और विद्वानों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

कला संकाय के नए डीन बने प्रो. अरविंद मोहन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर अरविंद मोहन कला संकाय के नए डीन बनाए गए हैं। उनका कार्यकाल 31 मई की दोपहर से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य आदेशों तक मान्य होगा। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। अभी तक प्रो. अरविंद अवस्थी के पास इस पद की जिम्मेदारी है। (जासं)

कार्यशाला का समापन

लखनऊ : लवि के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में चल रही आनलाइन कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। अंतिम दिन पहले सत्र के वक्ता जेएस हिंदू पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. निखिल कुमार दास थे। उन्हें संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी पर व्याख्यान दिया। (जासं)

बीकॉम छठे सेमेस्टर के छूटे छात्रों की परीक्षा 1 जून को

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकॉम के छठे सेमेस्टर (नियमित एवं सेल्फ फाइनेंस) के छूटे छात्रों की परीक्षा पहली जून को 11 बजे न्यू कॉमर्स ब्लॉक और ओल्ड ब्लॉक में आयोजित की जाएगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रचना ने बताया है कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को अपने साथ माइनर प्रोजेक्ट की रिपोर्ट लाना अनिवार्य रहेगा।

डॉ. अरविंद बने नए कला संकायाध्यक्ष

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. अरविंद मोहन को कला संकायाध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि डॉ. अरविंद मोहन कला संकायाध्यक्ष के पद का निर्वाहन करेंगे।

लविवि और कोपेनहेगन विवि के बीच समझौता

कार्यालय संवाददाता , लखनऊ

» शिक्षा, अनुसंधान व कौशल विकास को बढ़ाना है उद्देश्य

अमृत विचार : शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास के प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय ने डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

वर्चुअल समारोह के दौरान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रतिनिधियों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जानकारियां भी साझा की गईं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख और जैविक खतरों पर यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पैनल के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बिरगिट नोरंग ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू के भीतर छह महत्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित किया गया है। समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है। अकादमिक डीन प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने कहा कि अपनी-अपनी शक्तियों और संसाधनों का लाभ उठाकर ये संस्थान वैश्विक स्तर पर पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान, शिक्षा और सामाजिक प्रगति के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया है कि एमओयू के बाद दोनों विवि मिलकर सम्मेलन और कार्यशालाओं के आयोजन करेंगे। इससे बौद्धिक आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और क्षेत्र में उभरते रुझान और चुनौतियों की खोज का पता चलेगा। यह सहयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में उल्लिखित उद्देश्यों के अनुरूप है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों के बीच अनुसंधान सहयोग और संसाधन साझाकरण को बढ़ाने की वकालत करेगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि और कोपेनहेगन के बीच एमओयू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय ने अपने पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रतिनिधित्व में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख और जैविक खतरों पर यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पैनल के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बिरगिट नोरंग ने एक वर्चुअल समारोह में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बता दें कि 1479 में स्थापित कोपेनहेगन विश्वविद्यालय दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक है, जो डेनमार्क के लिए 10 नोबेल पुरस्कार विजेताओं, 37 प्रधानमंत्रियों और 34 ओलंपिक पदकों का उत्पादन करने के लिए जाना जाता है।लखनऊ विश्वविद्यालय और डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बीच साझेदारी वैश्विक शैक्षणिक सहयोग में, विशेष रूप से पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के विशेष क्षेत्र में, एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है।

इन प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से एक बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाता है।एमओयू के भीतर छह महत्वपूर्ण पहलों को रेखांकित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक मजबूत सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार है। सबसे पहले दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों छात्रों का आदान-प्रदान छात्रों को विविध शिक्षण वातावरण और पद्धतियों से अवगत कराकर शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने का वादा करता है। दूसरे, संकाय और कर्मचारियों का आदान-प्रदान विचारों और विशेषज्ञता के पार-परागण को सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार और ज्ञान प्रसार की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के प्रति प्रतिबद्धता इस साझेदारी की आधारशिला का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह अंतःविषय सहयोग और अत्याधुनिक वैज्ञानिक जांच की खोज को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त नये शैक्षिक कार्यक्रमों की स्थापना में पारस्परिक सहायता अकादमिक उत्कृष्टता और पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान में भविष्य की प्रतिभाओं के पोषण के लिए साझा समर्पण को रेखांकित करती है। समझौता ज्ञापन में सूचना और प्रकाशन के आदान-प्रदान के महत्व पर भी जोर दिया गया है, जिससे शोध निष्कर्षों का प्रसार सुगम होगा और विद्वानों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

छात्रों को दी तंत्रिका तंत्र के मूल सिद्धांतों की जानकारी

लविवि के मनोविज्ञान विभाग में चल रही सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला समाप्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में चल रही सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के अंतिम दिन बुधवार को समाप्त हुई।

इसके पहले सत्र के वक्ता जेएस हिंदू पीजी कॉलेज, अमरोहा के मनोविज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निखिल कुमार दास थे। उन्हें संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी पर अपना व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विकारों की संज्ञानात्मक प्रकृति का परिचय देते हुए शुरुआत की, यह समझाते हुए कि कैसे हमारे विचार पैटर्न विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान कर सकते हैं। फिर उन्होंने संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के ऐतिहासिक विकास के बारे में बात की और बताया कि कैसे सीबीटी को नकारात्मक सोच और व्यवहार को संशोधित करने के लिए एक अत्यकालिक उपचार के रूप में विकसित किया गया था। डॉ.दास ने सीबीटी में शामिल विभिन्न विधियों के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया जैसे डायरी रखना' जो आत्म-निगरानी और ट्रिगर्स की पहचान करने में उपयोगी है। अपने व्यावहारिक व्याख्यान के समापन पर उन्होंने सीबीटी तकनीकों को रेखांकित करके एक व्यावहारिक रोडमैप प्रदान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैसे 'संज्ञानात्मक पुनर्गठन' व्यक